# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262


**सं० सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/BGP)–03/2024**..1389..... **पटना, दिनांक** ..26/9/25

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–622, दिनांक–27.10.2016 के माध्यम से मो0 मजहर हारून का नियोजन संविदा के आधार पर सुपरवाईजर आई0टी0 के पद पर करते हुए दिनांक–27.10.2016 के प्रभाव से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, अररिया में पदस्थापित किया गया था तथा आदेश संख्या–798 अनु0, दिनांक–07.08.2021 द्वारा मो0 हारून का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, अररिया से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर किया गया।

**2.** जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक–211/DRCC, दिनांक–05.07.2025 द्वारा प्रतिवेदित है कि मो0 हारून की नियुक्ति विद्यालय अध्यापक (11–12) के पद पर होने के फलस्वरूप उनके द्वारा दिनांक–17.11.2023 को ई–मेल के माध्यम से जिला पदाधिकारी, भागलपुर को संबोधित अपना त्यागपत्र समर्पित किया। साथ ही यह भी प्रतिवेदित है कि मो0 हारून द्वारा HR Manual के प्रावधानानुसार 30 दिनों पूर्व त्यागपत्र की सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

**3.** मो0 हारून द्वारा त्यागपत्र समर्पित करने से पूर्व HR Manual में प्रावधानित 30 दिनों का नोटिस अवधि का अनुपालन नहीं करने के संबंध में बिहार विकास मिशन के ज्ञापांक–1167, दिनांक–04.08.2025 द्वारा 07 (सात) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु मो0 हारून द्वारा उक्त के अनुपालन में स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया।

**4.** जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक–42, दिनांक–07.02.2024 द्वारा मो0 मजहर हारून का कार्यालय में अंतिम कार्यदिवस दिनांक–20.10.2023 संसूचित है।

**5.** मो0 मजहर हारून द्वारा त्याग–पत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं दिये जाने के कारण बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–495, दिनांक–18.04.2023 के कंडिका–02(ख) में निहित प्रावधान के आलोक में उनकी भविष्य में बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अहर्त्ता समाप्त करते हुए दिनांक–20.10.2023 (अपराह्न) की तिथि से बर्खास्त किया जाता है।

**6.** प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

26/09/25
**(अश्वनी कुमार)**
महाप्रबंधक–HR Management & IT

**ज्ञापांक :– बि०वि०मि०– स्था०–(DRCC/BGP)–03/2024**..1389... **पटना, दिनांक** ..26/9/25

**प्रतिलिपिः**–जिला पदाधिकारी, भागलपुर/ जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/09/25
महाप्रबंधक–HR Management & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०- स्था०-(DRCC/BGP)-03/2024** 1389 **पटना, दिनांक** 26/9/25

**प्रतिलिपिः-** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर/ मो0 मजहर हारून, तदेन सुपरवाईजर आई0टी0, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/09/25

महाप्रबंधक-HR Management & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०- स्था०-(DRCC/BGP)-03/2024** 1389 **पटना, दिनांक** 26/9/25

**प्रतिलिपिः-** एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

26/09/25

महाप्रबंधक-HR Management & IT

1.40 P.M

26/9/25